संख्या-534/2023/2488/22-2-2023-17(686)/2023

प्रेषक,

मदन मोहन,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 17 अगस्त, 2023

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुरेश पुत्र श्री महाराज सिंह, निवासी जनपद-बदायूँ की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप महानिरीक्षक,(मु0) कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-16636/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-01.05.2023) दिनांक-19.05.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुरेश पुत्र श्री महाराज सिंह, टुंग सैया, थाना-कादरचौक, जनपद-बदायूँ का निवासी है। दिनांक 28.08.2006 को बंदी ने 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर हथगोला व नाजायज हथियारों से चौब सिंह एवं बब्लू नामक 02 व्यक्तियों की हत्या कर सोने की चेन, लाईसेंसी बंदूक 30,000/ रूपये व मोबाइल लूट कर ले गये। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-117,102,114/2006 में भा0द0वि0 की धारा-396, 307/149, 412 व 25 आयुध अधिनियम के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, विशेष न्यायाधीश, दस्यु प्रभावित क्षेत्र, बदायूँ के आदेश दिनांक 24.09.2013 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, द्वारा दिनांक 23.07.2022 तक अपरिहार 15 वर्ष 10 माह 10 दिन तथा सपरिहार 18 वर्ष 09 माह 20 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है।

3- जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, बदायूँ द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा कारित अपराध जघन्य अपराध की श्रेणी में होने, बन्दी के पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं होने, भविष्य में पुन: अपराध करने में की सम्भावना होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक स्थिति समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दिनांक 28.08.2005 को बंदी द्वारा 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर हथगोला व नाजायज हथियारों से चौब सिंह एवं बब्लू नामक 02 व्यक्तियों की हत्या कर सोने की चेन, लाईसेंसी बन्दूक, 30,000/ रूपये व मोबाइल लूट कर जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज ऑन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी सुरेश पुत्र श्री महाराज सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुरेश (बन्दी संख्या-47748) पुत्र श्री महाराज सिंह, निवासी जनपद-बदायूँ के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

मदन मोहन

विशेष सचिव।

संख्या-534/2023/2488(1)/22-2-2023 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, बदायूँ।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।

3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक जिला कारागार, गाजियाबाद को रिट याचिका (क्रि0) संख्या-164/2022 राजेन्द्र व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 17.05.2023 के सन्दर्भ में।

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

कृष्ण कुमार सिंह

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-534/2023/2488/22-2-2023-17(686)/2023

दिनांक 17 अगस्त, 2023 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुरेश पुत्र श्री महाराज सिंह, टुंग सैया, थाना-कादरचौक, जनपद-बदायूँ का निवासी है। दिनांक 28.08.2006 को बंदी ने 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर हथगोला व नाजायज हथियारों से चौब सिंह एवं बब्लू नामक 02 व्यक्तियों की हत्या कर सोने की चेन, लाईसेंसी बंदूक 30,000/ रूपये व मोबाइल लूट कर ले गये। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-117,102,114/2006 में भा0द0वि0 की धारा-396, 307/149, 412 व 25 आयुध अधिनियम के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, विशेष न्यायाधीश, दस्यु प्रभावित क्षेत्र, बदायूँ के आदेश दिनांक 24.09.2013 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, द्वारा दिनांक 23.07.2022 तक अपरिहार 15 वर्ष 10 माह 10 दिन तथा सपरिहार 18 वर्ष 09 माह 20 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, बदायूँ द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा कारित अपराध जघन्य अपराध की श्रेणी में होने, बन्दी के पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं होने, भविष्य में पुन: अपराध करने में की सम्भावना होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक स्थिति समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दिनांक 28.08.2005 को बंदी द्वारा 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर हथगोला व नाजायज हथियारों से चौब सिंह एवं बब्लू नामक 02 व्यक्तियों की हत्या कर सोने की चेन, लाईसेंसी बन्दूक, 30,000/ रूपये व मोबाइल लूट कर जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज ऑन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी सुरेश पुत्र श्री महाराज सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

मदन मोहन

विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in